सांसदों ने दी वीर सावरकर को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली 28 मई 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकरजी की जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी एवं संसदीय कार्य, भारी उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम के राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य संसद सदस्य एवं लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

वीर सावरकर को श्रद्धांजलि देते हुए श्री बिरला ने अपने ट्वीट संदेश में कहा कि स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकरजी एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे, जिनके क्रांतिकारी विचारों और ओजपूर्ण कविताओं ने देश के युवाओं को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री बिरला ने आगे कहा कि स्वातंत्र्यवीर श्री सावरकर की भारत माता के प्रति निस्वार्थ सेवा और बलिदान, राष्ट्र द्वारा सदैव याद रखा जाएगा।